# महिला समितियों में अग्रणी होगा एमपी



**भोपाल, 5 जुलाई. सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सहकारी सप्ताह समारोह में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश महिलाओं की सहकारी समितियां (सोसायटी) बनाने वाला देश का अग्रणी राज्य बनेगा.**

उन्होंने बताया कि इस नवाचार की शुरुआत अगले माह से की जाएगी. साथ ही प्रदेश को बीज उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है.

मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश पहले ही ऑनलाइन ऑडिट, कम्प्यूटरीकरण और ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरण जैसे नवाचारों में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है. उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन समाज के कमजोर वर्गों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

### रोजगार-विकास के अवसर तैयार किए जा रहे

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिल रही है. कॉर्पोरेट और को-ऑपरेटिव मॉडल के समन्वय से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों, सहकारी संस्थाओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया. अमानत संग्रहण लक्ष्य की पूर्ति में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विदिशा प्रथम रहा, जबकि पैक्स सदस्यता अभियान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक झाबुआ को सम्मानित किया गया. समारोह में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव, प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता, सहकारी संघ के प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## जमीन विवाद के चलते पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

**रीवा.** सिरमौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दुलहरा गांव में जमीनी विवाद के चलते पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला किया गया. दोनो घायलों को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दीवार खड़ा करने के दौरान एक दिन पूर्व दोनो पक्षो में कहासुनी हुई थी और दूसरे दिन मौका पाकर चचेरे भाईयों ने जानलेवा हमला कर दिया. प्राप्त जानकारी के मुताबिक दुलहरा निवासी राजेश कुमार पाण्डेय का पुराना मकान बना हुआ है जिसके अंदर पानी जा रहा था. पानी रोकने के लिये दीवार खड़ा कर रहे थे. जिस पर चचेरे भाईयों ने गाली गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया.

# 5 हजार 17 नए शिक्षकों की हुई नियुक्ति

## लंबे समय से अटकी थी प्रक्रिया

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 05 जुलाई. लंबे समय से अटकी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी गई है. बता दें बीते कई महीनों से प्रदेश में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया लटकी हुई थी.**

जिसको लेकर अभ्यर्थी बार-बार चरणबद्ध प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिये प्रदर्शन भी करते रहे है. जिसके बाद अब मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए 5 हजार 17 नए शिक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं. बता दें विभाग द्वारा यह निर्णय 3 और 4 जुलाई को उठाया गया. जिसके तहत माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं. जिसमें माध्यमिक स्तर पर हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत और सामाजिक विज्ञान जैसे मुख्य विषयों के साथ खेल और गायन-वादन के कुल 4 हजार 67 शिक्षकों को नियुक्त किया गया है. वहीं प्राथमिक स्तर पर खेल, नृत्य और गायन-वादन के पदों पर 950 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई है.

स्कूल शिक्षा विभाग
मध्य प्रदेश शासन

इस विषय को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम बताया. उन्होंने शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल किताबी ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं होती बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और समाज को एक नई दिशा देते हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि ये नए शिक्षक अपने ज्ञान, समर्पण और बेहतरीन कार्यशैली के बल पर प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य को संवारेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे.

## एक नजर में

### मां ने दामाद पर लगाया ट्रेन के आगे धकेलने का आरोप

**जबलपुर.** गुजरात से बेटी की अस्थियां लेकर जबलपुर पहुंची मां ने सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दामाद पर बेटी को ट्रेन के आगे धकेलकर हत्या करने का आरोप लगाया है. साथ ही न्याय की गुहार लगाई है. जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ा निवासी पिंकी नामदेव का विवाह 2014 में कटनी में रहने वाले महेंद्र नामदेव से हुआ था. शादी के बाद उनके दो बच्चे हुए. परिवार 2018 में गुजरात के वलसाड चला गया था. 30 जून को ट्रेन से कटकर पिंकी की मौत हो गई. बेटी की अस्थियां लेकर जबलपुर पहुंची मृतिका की मां लक्ष्मी नामदेव ने आरोप लगाया कि गुजरात के वलसाड में उनके दामाद ने बेटी को ट्रेन के सामने धक्का देकर मार डाला है.

### शाजापुर में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी

**शाजापुर.** रविवार शाम करीब 6 बजे नगर पालिका कार्यालय के पास एक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी. इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और कार चालक सुरक्षित बाहर निकल आया. जानकारी के अनुसार कार चालक बाबूलाल मुकाती वाहन चला रहे थे. तभी सडक़ पर अचानक एक कुत्ता आ गया. कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक ने कार मोड़ी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया. कार पहले सडक़ किनारे खड़ी एक अन्य कार से टकराई और फिर फिसलकर नहर में जा गिरी. प्रत्यक्षदर्शी सुमित ने बताया कि हादसा होते ही आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला.



# भोपाल समेत 28 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## 20 जिलों में बारिश और बिजली चमकने की संभावना

**भोपाल, 5 जुलाई. मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. मौसम विभाग ने रविवार शाम से राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के 28 जिलों में गरज-चमक, मध्यम बारिश और 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है.**

करीब 20 अन्य जिलों में हल्की बारिश और बिजली चमकने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के अनुसार भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, दतिया, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, पन्ना, सतना, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, नीमच और मंदसौर सहित कई जिलों में शाम के समय तेज गर्जना, बिजली और मध्यम बारिश होने के आसार हैं. कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है. दूसरी ओर इंदौर, उज्जैन, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा, रतलाम, बैतूल, नर्मदापुरम, कटनी, रीवा, सीधी, सिंगरौली, उमरिया और अनूपपुर समेत कई जिलों में हल्की बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना है. भोपाल में पिछले 24 घंटे के दौरान रुक-रुक कर बारिश होती रही. दिनभर बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया और लोगों को उमस से राहत मिली. कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि शाम के समय मौसम और सुहावना हो गया. सड़कों पर पानी भरने जैसी बड़ी स्थिति नहीं बनी, लेकिन निचले इलाकों में पानी जमा होने की शिकायतें सामने आईं.

मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को भी राजधानी में बादल छाए रहेंगे. दोपहर बाद या शाम के समय गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है. इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है. विभाग ने लोगों से बिजली चमकने के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े नहीं होने, खुले मैदानों से दूर रहने और जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करने की सलाह दी है.

# साइबर अपराध : जागरुकता अभियान तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 5 जुलाई . मध्यप्रदेश पुलिस का राज्यव्यापी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक 2.0' अब महज एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा व्यापक सामाजिक आंदोलन बनता जा रहा है.**

पुलिस ने शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नवाचारपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने का अभियान तेज कर दिया है. अभियान के तहत प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों, धार्मिक स्थलों, बाजारों और सार्वजनिक आयोजनों में



लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. वहीं सोशल मीडिया पर प्रतिदिन पोस्ट, वीडियो, रील और जनहित संदेशों के जरिए भी लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित साइबर जागरूकता मैराथन में छह हजार से अधिक नागरिकों ने भाग लेकर 'सेफ क्लिक, सेफ लाइफ' का संदेश दिया.

भोपाल के आरडी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में लगभग 1,500 विद्यार्थियों और शिक्षकों को डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, यूपीआई और क्यूआर कोड धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाओं तथा सोशल मीडिया हैकिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए. विशेषज्ञों ने किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की. उज्जैन, विदिशा, खंडवा, राजगढ़, अनूपपुर, टीकमगढ़, सिंगरौली, सीधी, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और कटनी सहित कई जिलों में भी व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.

# दो संभागों की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे निगमायुक्त

**जबलपुर। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार रविवार को सुबह सफाई और वर्षाजल निकासी की व्यवस्था देखने धरातल पर उतरे। उन्होंने शहर के दो प्रमुख संभागों गढ़ा और कछपुरा का अधिकारियों के साथ सघन दौरा किया। क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था और जल निकासी के इंतजामों की जमीनी हकीकत को देखा।**

दौरे के दौरान दोनों संभागों के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था काफी बेहतर और सुदृढ़ नजर आई। मानसून के मौसम को देखते हुए जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए की गई पूर्व तैयारियों का असर भी सडक़ों और नालों में साफ देखने को मिला।

वर्षाजल निकासी के सुचारू प्रबंध और मुस्तैद सफाई कर्मियों को देखकर निगमायुक्त ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। मुस्तैदी से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों के कार्य को निगमायुक्त ने सराहा और उनका हौसला बढ़ाया। कछपुरा और गढ़ा के संवेदनशील क्षेत्रों में पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था मिलने पर उन्होंने कहा कि अधिकारियों की पूर्व योजना और मैदानी अमले की सक्रियता के कारण नागरिकों को जल भराव से बड़ी राहत मिली है।

# लैंड पूलिंग फायदे का सौदा, यूडीए से पहले किसानों ने काट दी कॉलोनी

प्रमोद व्यास

**उज्जैन. लैंड पूलिंग योजना के तहत विकास प्राधिकरण ने किसानों की आधी जमीन ली और 50% प्लाट विकसित करके अन्नदाताओं को वापस कर दिए, वहां पर दो कॉलोनी निजी तौर पर काट दी गई है, वहीं अब विकास प्राधिकरण टीडीएस 3 से लेकर 7 तक बना रहा है.**

विकास प्राधिकरण द्वारा नीमनवासा-विक्रम नगर, हक्कानीपुरा, लालपुर क्षेत्र में टीडीएस-3, 4, 5, 6 और 7 आवासीय योजना लांच की गई है जो तेजी से आकार ले रही हैं. करीब 150 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में विकसित हो रही इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 750 करोड़ रुपये से अधिक है, विक्रम नगर मार्ग से लगाकर उज्जैन गरोठ फोरलेन तक यह कॉलोनी आकर ले रही है. नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने बताया कि योजना का ले-आउट स्वीकृत हो चुका है तथा निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है. क्षेत्र में सड़क निर्माण, फाउंडेशन कार्य, जल प्रदाय व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है. इस कॉलोनी के चारों तरफ से रास्ते रहेंगे उद्योगपुरी, देवास उज्जैन आगर रोड प्रमुख है.

**लंबी चौड़ी सड़कें :** यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि यहां 18, 24 और 30 मीटर चौड़ी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, यहां टू लेन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी. मौके पर ब्रिज का निर्माण शुरू कर दिया गया है.

**लैंड पूलिंग योजना:** इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि किसानों से पारंपरिक तरीके से भूमि अधिग्रहण कर मुआवजा देने के बजाय लैंड पूलिंग मॉडल अपनाया गया है. इसके तहत किसानों को उनकी जमीन का 50 प्रतिशत हिस्सा विकसित भूखंड के रूप में वापस दिया गया है.

**कॉलोनी काट कर बेच दी :** इन विकसित भूखंडों का उपयोग किसान स्वयं निर्माण के लिए कर सकते हैं या उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं. कई किसानों ने अपने भूखंडों का उपयोग कर निजी कॉलोनियां विकसित करना भी प्रारंभ कर दिया है, जिससे वे इस विकास प्रक्रिया के सीधे भागीदार बने हैं.

### बड़े-बड़े प्लाट बेचेगा यूडीए

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही इस योजना में आवासीय, व्यावसायिक, सामुदायिक और हरित क्षेत्रों का समुचित विकास किया जाएगा. योजना में 5 प्रतिशत क्षेत्र खुला क्षेत्र, 5 प्रतिशत खेल मैदान, लगभग 20 प्रतिशत सड़कें तथा शेष क्षेत्र विभिन्न विकास कार्यों के लिए आरक्षित किया गया है. यहां एक से दो बीघा तक के बड़े भूखंडों सहित विभिन्न आकार के आवासीय और व्यावसायिक प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं.

### इनका कहना है...



महाकाल मंदिर से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस क्षेत्र में प्राधिकरण की योजना पूर्ण रूप से विकसित होने से पहले ही निजी स्तर पर 2 कॉलोनियों का विकास प्रारंभ हो चुका है, जो इस क्षेत्र में विकास की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाता है। विक्रम नगर रेलवे स्टेशन, उज्जैन-गरोठ फोरलेन, लालपुर और नीमनवासा सहित पूरा क्षेत्र इस योजना से लाभान्वित होगा.

- रवि सोलंकी, अध्यक्ष, यूडीए

# रोजगार उपलब्ध कराने में सरकार विफल

## मनरेगा और किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 5 जुलाई . कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने रविवार को मध्यप्रदेश सरकार पर ग्रामीण रोजगार और किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार मनरेगा का नाम बदलकर लोगों को गुमराह कर रही है, जबकि ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है.**

भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कुणाल चौधरी ने कहा कि सरकार ने संशोधित योजना के तहत 125 दिन रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन पिछले एक दशक में अधिकांश पंजीकृत श्रमिकों को कानून के अनुसार 100 दिन का रोजगार भी नहीं मिल सका. उन्होंने दावा किया कि विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार प्रदेश के 52 जिलों में एक प्रतिशत से भी कम पंजीकृत श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार मिला. उन्होंने कोविड-19 काल के दौरान लाखों जॉब कार्ड हटाए जाने का भी आरोप लगाया.



कृषि क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए कुणाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 20 लाख मीट्रिक टन मूंग उत्पादन के बावजूद केवल 4.5 लाख मीट्रिक टन की ही सरकारी खरीद की अनुमति दी गई, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल सका. उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 100 प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने की मांग करते हुए भाजपा सरकार पर किसान और श्रमिक विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया.

# मामलों की एसओपी तैयार कर पैरवी करें

- कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा
- अपराधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास पर चर्चा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 जुलाई. अभियोजन अधिकारियों एवं लोक अभियोजकों की एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया. कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला मुख्य अतिथि थे.**

संचालक अभियोजन बीएल प्रजापति और पुलिस कमिश्नर संजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियोजन अधिकारियों को मामले की एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करके पैरवी करनी चाहिए. अभियोजन की सुविधाओं, नये पद के संबंध में प्रक्रिया शीघ्र पूरी होंगी. संचालक लोक अभियोजन प्रजापति ने कहा कि सभी के प्रयास से अभियोजन बेहतर कार्य कर रहा है.

उन्होंने कहा कि हम निरंतर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने प्रभारी उप संचालक राजेंद्र उपाध्याय एवं उनकी टीम को को कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी. कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस उपयुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने प्रशिक्षार्थियों को महिला एवं बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध एवं मोबाइल फॉरेन्सिक, इ- साक्षय के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया.

# दो करोड़ की अवैध शराब की पेटियां जब्त

## मध्यप्रदेश पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 5 जुलाई . मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आलीराजपुर जिले में करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की 2,004 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है.**

इस दौरान करीब 40 लाख रुपये कीमत के दो कंटेनर ट्रक भी जब्त किए गए हैं, जबकि दोनों वाहनों के चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह के निर्देशन में जोबट थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों एवं शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई. पुलिस को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर गठित दो टीमों ने अलग-अलग आयशर कंटेनर वाहनों को रोककर तलाशी ली. एक वाहन से 930 पेटियां और दूसरे से 1,074 पेटियां



अवैध भारतीय निर्मित विदेशी शराब बरामद की गईं. जब्त शराब में कई प्रीमियम ब्रांड भी शामिल हैं. दोनों मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस अब शराब की खेप के स्त्रोत, तस्करी नेटवर्क तथा इससे जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान करने में जुटी है. पुलिस का कहना है कि अवैध शराब और संगठित तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

**विकास** गुफा मंदिर परिसर में 2 करोड़ की अत्याधुनिक गौशाला भी बनेगी

# 20 करोड़ से बनेगा मानस भवन




**भोपाल, 5 जुलाई.** शहर के प्राचीन गुफा मंदिर परिसर में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को नई पहचान देने की दिशा में रविवार को दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमि पूजन किया गया. सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय एवं महंत रामप्रवेश दास महाराज ने 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले मानस भवन तथा 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक गौशाला का विधि-विधान से भूमि पूजन किया.

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि भोपाल में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बड़े एवं व्यवस्थित स्थान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी. मानस भवन बनने से विवाह, पारिवारिक समारोह, धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्थान उपलब्ध होगा.

उन्होंने कहा कि गुफा मंदिर भोपाल के हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं. मंदिर परिसर में बनने वाली अत्याधुनिक गौशाला में गौसेवा की बेहतर व्यवस्था होगी. यहां गोकाष्ठ (गोकास्ट) निर्माण की मशीन भी स्थापित की जाएगी, जिससे गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार होंगे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा. महंत रामप्रवेश दास महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गौसंरक्षण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण को नई दिशा मिली है.

## पति ने पत्नी को गोली मारकर की आत्महत्या

भिण्ड. जिले में गृहकलह के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया और बाद में स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हुई है. पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि गोहद अनुभाग के मौ थाना क्षेत्र के बमरौली गांव निवासी 40 वर्षीय मनोज यादव शनिवार देर शाम अपनी पत्नी रामदेवी और पुत्री मोहिनी के साथ गांव के बाहर स्थित गौशाला पहुंचा था. कमरे के भीतर पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद के दौरान मनोज ने अवैध कट्टे से पत्नी के पैर में गोली मार दी. गोली लगने के बाद घायल महिला जान बचाकर बाहर की ओर भागी.

# सुरक्षित रेल संचालन के लिए भोपाल तैयार

**भोपाल, 5 जुलाई .** मानसून के दौरान वर्षा, आंधी-तूफान और बाढ़ जैसी परिस्थितियों में सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं. रेलवे परिसंपत्तियों और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के निर्देशन में मानसून सुरक्षा कार्ययोजना को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है. मंडल के संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां 24 घंटे निगरानी व्यवस्था की गई है.

इसके तहत 118 पेट्रोलमैन और 174 वाचमैन तैनात किए गए हैं, जो लगातार पेट्रोलिंग कर रेल पथ की निगरानी कर रहे हैं. साथ ही पुलों और बांधों पर जलस्तर की निगरानी के लिए वॉटर लेवल अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60